# BULANDSHAHR POLICE

दिनाँक 01 सितम्बर, 2023 **CRACKDOWN BULANDSHAHR** थाना छतारी

## डकैती/लूटपाट करने वाले बदमाशों से थाना छतारी पुलिस की हुई मुठभेड़, जवाबी कार्यवाही में 25,000/- रुपये का पुस्कार घोषित अपराधी घायलावस्था में गिरफ्तार, कब्जे से अवैध असलहा, कारतूस बरामद।

जनपद मे तलाश वांछित अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत दिनांक 31/01.09.2023 की रात्रि में थाना छतारी पुलिस को एक अभिसूचना प्राप्त हुई कि पहासू रोड स्थित मण्डी के पास बाग में कुछ बदमाश घटना करने के इरादे से घूम रहे हैं जिनके पास अवैध असलहा भी है। इस सूचना पर थाना छतारी पुलिस पहासू रोड़ पर पहुँचकर बाग में संदिग्ध व्यक्तियों की चैकिंग करने लगी कि कुछ समय पश्चात बाग में 02 संदिग्ध व्यक्ति आते दिखाई दिए जिनको रूकने का इशारा किया गया तो अभियुक्तगण पुलिस को देखकर भागने लगे तथा पुलिस द्वारा खुद को घिरा देखकर पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग करने लगे। पुलिस टीम द्वारा आत्मरक्षार्थ जवाबी फायरिंग में एक बदमाश गोली लगने से घायल हुआ, जिसको घायलावस्था में गिरफ्तार किया गया तथा एक बदमाश अंधेरे का फायदा उठाकर भागने में सफल रहा जिसकी कॉम्बिंग कर गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे हैं। गिरफ्तार/घायल बदमाश की पहचान लटूरी पुत्र हजारी बंजारा निवासी ग्राम रोहिन्दा थाना अरनियां जनपद बुलन्दशहर हाल पता ग्राम नंगला बंजारा थाना छतारी जनपद बुलन्दशहर के रुप में हुई हैं। घायल बदमाश को उपचार हेतु सीएचसी पहासू में भर्ती कराया गया। बदमाश के कब्जे से अवैध असलहा मय कारतूस बरामद हुआ हैं। उल्लेखनीय है कि बदमाश लटूरी शातिर किस्म का अपराधी है जो डकैती की घटना में थाना शिकारपुर पर पंजीकृत मुअसं-228/23 धारा 395/412 भादवि में वांछित चल रहा था जिसकी गिरफ्तारी पर 25,000/- रुपये का पुरस्कार घोषित किया गया था।

**गिरफ्तार अभियुक्त का नाम पता-**

1- लटूरी पुत्र हजारी बंजारा निवासी ग्राम रोहिन्दा थाना अरनियां जनपद बुलन्दशहर हाल पता ग्राम नंगला बंजारा थाना छतारी जनपद बुलन्दशहर

**बरामदगी-**

1- 01 तमंचा 315 बोर मय 01 जिन्दा व 01 खोखा कारतूस।

**अभियुक्त लटूरी का आपराधिक इतिहास-**

1- मु0अ0सं0-94/15 धारा 5/8 गौ हत्या निवारण अधी0 थाना छतारी जनपद बुलन्दशहर।
2- मु0अ0सं0-28/23 धारा 379 भादवि थाना अहमदगढ़ जनपद बुलन्दशहर।
3- मु0अ0सं0-29/23 धारा 379 भादवि थाना अहमदगढ़ जनपद बुलन्दशहर।
4- मु0अ0सं0-144/23 धारा 380 भादवि थाना शिकारपुर जनपद बुलन्दशहर।
5- मु0अ0सं0-228/23 धारा 395/412 भादवि थाना शिकारपुर जनपद बुलन्दशहर।
6- मु0अ0सं0-239/23 धारा 3/4/25 आर्म्स एक्ट व धारा 307 भादवि थाना शिकारपुर जनपद बुलन्दशहर।
7- मु0अ0सं0-335/23 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट व धारा 307 भादवि थाना छतारी जनपद बुलन्दशहर।

अभियुक्त की गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना छतारी पर अग्रिम वैधानिक कार्यावाही करते हुए अभियुक्त को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जायेगा।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम**-

1- श्री सतेन्द्र कुमार थाना प्रभारी छतारी।

2- व0उ0नि0 श्री दलवीर सिंह थाना छतारी।

3- उ0नि0 अजय प्रकाश, उ0नि0 नरेन्द्र सिंह

4- है0का0 राशिद अली, का0 लोकेश कुमार, का0 कुशल चौधरी, का0 गंगन।

**मीडिया सेल बुलंदशहर**